पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016
+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 23 अप्रैल 2025

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

**पहलगाम आतंकी हमले की अभाविप ने की घोर निंदा, शोकाकुल परिवारों के साथ व्यक्त की संवेदना**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन क्षेत्र में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करता है। धर्म पूछकर निर्दोष सैलानियों को गोली मारने का यह कायराना कृत्य मानवता के मूल्यों पर कलंक है। इस भीषण हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई तथा कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह घटना सामाजिक समरसता और सभ्यतागत मूल्यों पर कुठाराघात है, जिसे किसी भी रूप में सहन नहीं किया जा सकता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस भीषण त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है और शोक-संतप्त परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में साथ खड़ा है।

यह वीभत्स हमला आतंकवाद की जड़ें नष्ट करने की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित करता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार से मांग करता है कि हमले में संलिप्त आतंकियों और उनके स्थानीय सहयोगियों की पहचान कर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कश्मीर घाटी में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले समस्त तंत्र को ध्वस्त कर, इस पावन भूमि को आतंकमुक्त बनाया जाए। भारत की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई अनिवार्य हो गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के बैसरन में जो पाशविक हमला हुआ है, वह प्रत्येक नागरिक के हृदय को आहत करने वाला है। निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या मानवता पर सीधा प्रहार है। आतंक के इन सौदागरों और उनके संरक्षकों को अब निर्णायक उत्तर देने का समय आ गया है। यह कायराना कृत्य न केवल सभ्यता के मूल्यों को चुनौती देता है, बल्कि भारत के सहिष्णु और शांतिप्रिय चरित्र पर भी एक संगीन हमला है।

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**